भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1211

जिसका उत्तर 29.07.2026 को दिया जाना है

आकांक्षी जिलों और सीमावर्ती क्षेत्रों में राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास

1211. श्रीमती सीमा द्विवेदी:

श्रीमती माया नारोलिया:

श्री मिथलेश कुमार:

श्री आदित्य प्रसाद:

श्री बाबूभाई जेसंगभाई देसाई:

श्री राजेश परमानंद शुक्ला:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पाँच वर्षों के दौरान उत्तराखंड सहित आकांक्षी जिलों और सीमावर्ती क्षेत्रों में स्वीकृत तथा पूर्ण की गई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) तत्संबंधी राज्य-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान इन परियोजनाओं पर कितना व्यय किया गया है; और

(घ) देश के दूरस्थ और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संपर्क-सुविधा को बेहतर बनाने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) सभी आकांक्षी जिले राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) नेटवर्क से जुड़े हुए हैं। उत्तराखंड राज्य सहित आकांक्षी जिलों को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए विगत पांच वर्षों के दौरान पूरे किए गए एनएच लंबाई का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी)-वार विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

सीमावर्ती क्षेत्रों में संपर्कता में सुधार के लिए विगत पांच वर्षों के दौरान 3,318 किलोमीटर लंबाई की एनएच परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 1,301 किलोमीटर का निर्माण किया जा चुका है। ऐसी परियोजनाओं का राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण, उत्तराखंड राज्य सहित, **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान आकांक्षी जिलों और सीमावर्ती क्षेत्रों में संपर्कता प्रदान करने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों सहित राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव के लिए किए गए व्यय का राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुलग्नक-III** में दिया गया है।

(घ) एनएच का विकास और रखरखाव एक सतत प्रक्रिया है। दूरस्थ और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संपर्कता प्रदान करने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों पर विकास/क्षमता वृद्धि कार्यों सहित सभी राष्ट्रीय राजमार्गों पर कार्य, यातायात सघनता, संपर्कता की आवश्यकता, सड़क की स्थिति और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) के साथ तालमेल के आधार पर किए जाते हैं। वर्तमान में, देश में ₹7.15 लाख करोड़ की लागत से लगभग 25,917 किलोमीटर लंबाई की 1,191 एनएच परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। इसमें सीमावर्ती क्षेत्रों में 3,100 किलोमीटर के विकास कार्य भी शामिल हैं। इसके अलावा, सरकार ने दूरस्थ क्षेत्रों में प्रारंभ और अंतिम मील तक संपर्कता, सुगमता, सार्वजनिक सुविधा में सुधार के लिए रोपवे के नेटवर्क के विकास का भी कार्य शुरू किया है।

अनुलग्नक-I

"आकांक्षी जिलों और सीमावर्ती क्षेत्रों में राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास" के संबंध में श्रीमती सीमा द्विवेदी, श्रीमती माया नारोलिया, श्री मिथलेश कुमार, श्री आदित्य प्रसाद, श्री बाबूभाई जेसंगभाई देसाई, श्री राजेश परमानंद शुक्ला द्वारा पूछे गए दिनांक 29.07.2026 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1211 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

उत्तराखंड राज्य सहित आकांक्षी जिलों को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए विगत पांच वर्षों के दौरान पूरे किए गए एनएच लंबाई का राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण:-

क्र.सं.	**राज्य**	**निर्मित एनएच लंबाई (किमी)**
1	आंध्र प्रदेश	384
2	अरुणाचल प्रदेश	59
3	असम	192
4	बिहार	595
5	छत्तीसगढ़	449
6	गुजरात	117
7	हरियाणा	48
8	हिमाचल प्रदेश	23
9	जम्मू-कश्मीर	67
10	झारखंड	890
11	कर्नाटक	244
12	केरल	36
13	मध्य प्रदेश	675
14	महाराष्ट्र	781
15	मणिपुर	18
16	मेघालय	9
17	मिजोरम	11
18	नागालैंड	23
19	उड़ीसा	481
20	पंजाब	135
21	राजस्थान	487
22	सिक्किम	79
23	तमिलनाडु	119
24	तेलंगाना	252
25	त्रिपुरा	60
26	उत्तर प्रदेश	150
27	उत्तराखंड	78
28	पश्चिम बंगाल	251

अनुलग्नक-II

"आकांक्षी जिलों और सीमावर्ती क्षेत्रों में राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास" के संबंध में श्रीमती सीमा द्विवेदी, श्रीमती माया नारोलिया, श्री मिथलेश कुमार, श्री आदित्य प्रसाद, श्री बाबूभाई जेसंगभाई देसाई, श्री राजेश परमानंद शुक्ला द्वारा पूछे गए दिनांक 29.07.2026 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1211 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

उत्तराखंड राज्य सहित सीमावर्ती क्षेत्रों में संपर्कता में सुधार के लिए विगत पांच वर्षों के दौरान आवंटित किए गए और निर्मित लंबाई सहित एनएच परियोजनाओं का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण: -

क्र.सं.	राज्य	आवंटित एनएच लंबाई (किमी)	निर्मित एनएच लंबाई (किमी)
1	अरुणाचल प्रदेश	740	26
2	असम	219	76
3	हिमाचल प्रदेश	157	63
4	जम्मू और कश्मीर	355	172
5	लद्दाख	27	14
6	मणिपुर	241	70
7	मेघालय	106	80
8	मिजोरम	127	95
9	नागालैंड	214	193
10	पंजाब	187	114
11	राजस्थान	102	102
12	सिक्किम	27	27
13	त्रिपुरा	162	44
14	उत्तर प्रदेश	122	101
15	उत्तराखंड	266	69
16	पश्चिम बंगाल	265	81

अनुलग्नक-III

"आकांक्षी जिलों और सीमावर्ती क्षेत्रों में राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास" के संबंध में श्रीमती सीमा द्विवेदी, श्रीमती माया नारोलिया, श्री मिथलेश कुमार, श्री आदित्य प्रसाद, श्री बाबूभाई जेसंगभाई देसाई, श्री राजेश परमानंद शुक्ला द्वारा पूछे गए दिनांक 29.07.2026 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1211 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

विगत पांच वर्षों के दौरान आकांक्षी जिलों और सीमावर्ती क्षेत्रों में संपर्कता प्रदान करने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों सहित राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव के लिए प्रति वर्ष किए गए व्यय का राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण: -

राशि करोड़ रु. में

क्र. सं.	**राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**2024-25**	**2025-26**
1	आंध्र प्रदेश	5,890	6,957	11,440	11,756	12,109
2	अरुणाचल प्रदेश	2,718	3,140	2,649	3,599	3,109
3	असम	3,150	4,557	9,137	7,207	6,334
4	बिहार	9,174	9,347	10,749	8,840	9,962
5	छतीसगढ़	1,936	2,468	4,255	2,280	3,682
6	गोवा	615	673	620	651	703
7	गुजरात	10,710	9,831	10,900	8,091	8,706
8	हरियाणा	7,203	3,924	6,062	4,344	3,327
9	हिमाचल प्रदेश	3,164	4,534	5,175	3,994	3,818
10	झारखंड	2,853	3,127	4,599	5,169	4,127
11	कर्नाटक	7,681	6,763	12,695	10,819	11,446
12	केरल	10,136	3,994	10,419	5,082	4,056
13	मध्य प्रदेश	9,006	6,210	7,447	7,799	10,519
14	महाराष्ट्र	18,655	18,355	19,867	18,512	20,504
15	मणिपुर	2,142	2,737	2,598	2,011	1,444
16	मेघालय	819	684	1,803	1,697	1,477
17	मिजोरम	2,054	3,218	2,189	2,091	1,507
18	नागालैंड	1,943	1,666	1,414	1,600	1,166
19	उड़ीसा	4,510	4,643	5,948	5,786	5,862
20	पंजाब	7,179	10,093	12,419	7,898	7,291
21	राजस्थान	11,353	9,719	8,874	6,301	4,890

22	सिक्किम	811	1,008	684	441	427
23	तमिलनाडु	4,305	8,230	9,925	9,068	8,393
24	तेलंगाना	3,458	3,622	6,117	7,496	6,765
25	त्रिपुरा	1,085	1,156	1,546	767	771
26	उत्तर प्रदेश	13,944	21,453	28,114	20,665	24,640
27	उत्तराखंड	2,112	3,219	4,545	3,835	3,716
28	पश्चिम बंगाल	3,642	3,053	3,543	2,240	4,807
29	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	246	143	96	204	211
30	दादरा और नगर हवेली	30	26	2	46	136
31	दमन और दीव					
32	दिल्ली/ मुख्यालय	3,961	7,164	3,223	2,840	1,170
33	जम्मू और कश्मीर	6,817	7,370	10,528	10,204	7,999
34	लद्दाख	352	574	658	768	333
35	पुद्दुचेरी	1	61	35	23	2

*****